लोक संस्कृति और कला के रंगों से सजा सोरांव महोत्सव, डिप्टी सीएम ने की शुरुआत

तीन दिनों तक मेवालाल ग्राउंड में सजेगी सांस्कृतिक कार्यक्रमों की महफिल, पहले दिन उमड़ी लोगों की भीड़

सोरांव (प्रयागराज)। मेवालाल ग्राउंड में रविवार को तीन दिवसीय सोरांव महोत्सवकी शुरुआत हुई । प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने फीता काटकर महोत्सव का उद्घाटन किया। महोत्सव में लोक संस्कृति, कला, साहित्य और पारंपरिक विरासत की झलक देखने को मिली। पहले दिन आसपास के गांवों से हजारों की संख्या में लोग पहुंचे। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने लोगों का मन मोह लिया। महोत्सव का उद्देश्य क्षेत्र की लोक संस्कृति, परंपराओं और स्थानीय प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना है। इसके माध्यम से लोगों को अपनी सांस्कृतिक विरासत से जोड़ने के साथ ही क्षेत्रीय कलाकारों को प्रोत्साहित करने की पहल की गयी है।

कार्यक्रम में गायकों ने अलग-अलग विधाओं के गीत प्रस्तुत किये, वहीं वक्ताओं ने भी अपने विचार रखे। आयोजन को लेकर मुख्य विकास अधिकारी ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक तैयारियां समय से पूरी करने के निर्देश दिये थे। महोत्सव स्थल पर साफ-सफाई, पेयजल, प्रकाश, पार्किंग और सुरक्षा के इंतजाम किये गये हैं। दर्शकों के बैठने के साथ चिकित्सा सुविधा, एंबुलेंस और अग्निशमन की व्यवस्था भी की गयी है।

विभिन्न विभागों की ओर से सरकारी योजनाओं की जानकारी देने के लिए स्टाल लगाये गये हैं। इस मौके पर एमएलसी सुरेंद्र चौधरी, पूर्व ब्लाक प्रमुख मऊआइमा सुधीर कुमार मौर्य, रोहित कुमार, अजय कुमार समेत भाजपा के पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।



सोरांव महोत्सव कार्यक्रम में मंच पर मौजूद उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्या एवं अन्य।

अज्ञात वाहन की चपेट में आने से साइकिल सवार घायल, रिफर

बरौत (प्रयागराज)। हंडिया थाना अंतर्गत पुलिस चौकी बरौत कस्बा में अज्ञात वाहन की चपेट में आने से साइकिल सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद आसपास के लोग मौके पर पहुंचकर इसकी सूचना १०८ एंबुलेंस की को दिया। तत्काल पहुंचे एंबुलेंस के कर्मचारियों ने घायल कोई इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ऊपरदहां ले गये जहां हालत गंभीर देख चिकित्सकों ने जिला अस्पताल के लिए रिफर कर दिया।

मिली जानकारी के अनुसार हंडिया थाना अंतर्गत पुलिस चौकी बरौत क्षेत्र के पकलोर गांव निवासी कलेक्टर भारती पुत्र गुनराज भारती उम्र लगभग ४५ वर्ष पकलोर से बरोट मार्केट आ रहा था वह जैसे ही रविवार शाम ६:०० बजे के आसपास हनुमान मंदिर के सामने पहुंचा ही था कि वैसे ही तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दिया जिससे साइकिल सवार कलेक्टर भारती ने गंभीर रूप से घायल हो गया।


इसकी सूचना आसपास के लोगों ने १०८ एंबुलेंस को दिया जहां तत्काल मौके पर पहुंचे एंबुलेंस के चालक शैलेश कुमार व टेक्नीशियन विवेक यादव ने घायल पड़े युवक को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ऊपरदहां ले गये जहां हालत गंभीर देखकर चिकित्सकों ने जिला अस्पताल के लिए रिफर कर दिया। वही घटना की जानकारी आसपास के लोगों ने घायल पड़े युवक के परिजनों को दिया।

बैंककर्मी बनकर राहगीरों से अवैध वसूली का आरोप

ईएमआई बकाया बताकर गाड़ी रोकने और पांच से दस हजार रुपये मांगने का आरोप

झूंसी (प्रयागराज)। सड़क पर चल रहे वाहन चालकों को बैंककर्मी बताकर गाड़ी रोकने और ईएमआई बकाया होने के नाम पर अवैध वसूली करने का मामला सामने आया है। आरोप है कि आधा दर्जन से अधिक लोग झूंसी थाने के ठीक सामने अनवर मार्केट के बगल में आये दिन राहगीरों की मोटरसाइकिल, कार एवं अन्य गाड़िया रोककर उनसे पांच से दस हजार रुपये तक वसूलते हैं। रुपये नहीं देने पर वाहन जब्त कराने की धमकी देते हैं। मिली जानकारी के अनुसार कथित वसूली करने वाले खुद को बैंककर्मी बताकर उन वाहन चालकों को निशाना बनाते हैं, जिनकी किस्त बकाया होती है। इसी का फायदा उठाकर वे वाहन रोक लेते हैं और रेपो चार्ज के नाम पर रकम की मांग करते हैं। आरोप है कि रविवार शाम आजाद नामक युवक को भी इन लोगों ने रोककर रुपये मांगने शुरू कर दिये। इसी दौरान कुछ लोगों के मौके पर पहुंचने तथा विरोध करने पर कथित वसूली करने वाले भागने लगे। इस दौरान एक व्यक्ति को पकड़ लिया गया। पकड़े गये व्यक्ति ने कथित तौर पर कहा कि वे सभी मिलकर काम करते हैं और थाना मैनेज है। हालांकि उसके इस दावे की पुष्टि नहीं हुई है। इस सम्बन्ध में थाना प्रभारी झूंसी ने बताया कि मामला अभी उनके संज्ञान में नहीं आया है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि थाना क्षेत्र में किसी भी तरह की अवैध वसूली या अनधिकृत गतिविधि बर्दाश्त नहीं की जायेगी। यदि किसी वाहन की किस्त बकाया है तो संबंधित बैंक या वित्तीय संस्था नियमानुसार विधिक कारवाई कर सकती है। बैंककर्मी बनकर राहगीरों को रोकने, धमकाने या अवैध वसूली करने वालों के खिलाफ शिकायत मिलने पर जांचकर आवश्यक कारवाई की जायेगी। स्थानीय लोगों ने मामले की निष्पक्ष जांचकर आरोपितों के खिलाफ कारवाई करने और लोगो को इस तरह की वसूली से बचाने की मांग की है।

सरदार पटेल ने ५६० रियासतों को एकता के सूत्र में पिरोया-डा. मुरारजी त्रिपाठी



झूंसी (प्रयागराज)। लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल ने देश की ५६० से अधिक रियासतों को एकता के सूत्र में बांधने का ऐतिहासिक और साहसिक कार्य किया। उनके इस योगदान पर आज भी देश का प्रत्येक नागरिक गर्व करता है।यह बातें सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य एवं सामाजिक कार्यकर्ता डा. मुरारजी त्रिपाठी ने कहीं।

लाला मनमोहन दास इंटर कालेज, झूंसी में सरदार बल्लभभाई पटेल की जयंती पर आयोजित संगोष्ठी को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर कॉलेज की ओर से रन फार यूनिटी का आयोजन किया गया। शिक्षकों और विद्यार्थियों ने सरदार पटेल के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। डा. त्रिपाठी ने कहा कि हैदराबाद और जूनागढ़ जैसी रियासतों के विलय में सरदार पटेल ने अदम्य साहस और दृढ़ इच्छाशक्ति का परिचय दिया। विद्यार्थियों को उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व से प्रेरणा लेनी चाहिए। व्यक्तित्व निर्माण में अनुशासन की महत्वपूर्ण भूमिका होती है, जिसमें प्रधानाचार्य और शिक्षकों का योगदान अहम है।कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. निरंजन कुमार सिंह ने कहा कि व्यक्ति के निर्माण से ही राष्ट्र का निर्माण होता है। राष्ट्रीय एकता को मजबूत बनाने के लिए विद्यार्थियों को पहले अपना व्यक्तित्व विकसित करना होगा। उन्होंने कहा कि देश में धर्म, जाति, भाषा और क्षेत्र के नाम पर समाज को बांटने वाली ताकतों से सतर्क रहने की आवश्यकता है। भारत विविधता में एकता के लिए पूरी दुनिया में जाना जाता है। सरदार पटेल का योगदान देश की अखंडता और एकता का मजबूत आधार है। संगोष्ठी में विद्यार्थियों ने भी लौह पुरुष के जीवन, विचारों और राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान पर अपने विचार रखे। संचालन कालेज के वरिष्ठ शिक्षक राकेश रंजन तिवारी ने किया। इस अवसर पर रमाकर सिंह, गामा प्रसाद, हरिलाल, सचिन सिंह, गौरव शर्मा, ममता मिश्रा एवं राकेश सैनी सहित शिक्षक और विद्यार्थी मौजूद रहे।

कंजासा में शराब की दुकान के खिलाफ महिलाओं ने किया विरोध-प्रदर्शन

एसीपी के आश्वासन के बाद भी दुकान नहीं रही बंद, रविवार शाम फिर घेरा



घूरपुर (प्रयागराज)। घूरपुर थाना क्षेत्र के कंजासा गांव के बीचों-बीच स्थित सरकारी देशी, अंग्रेजी और बीयर की शराब दुकान को बंद कराने को लेकर महिलाओं का गुस्सा फूट पड़ा। रविवार शाम गांव की सैकड़ों महिलाओं ने एकजुट होकर शराब की दुकान को घेर लिया और जमकर हल्ला बोल प्रदर्शन किया।

महिलाओं का कहना है कि गांव के बीच में शराब की दुकान होने से गांव का माहौल खराब हो रहा है। शाम होते ही शराबियों का जमावड़ा लगता है, गाली-गलौज और अभद्रता होती है, जिससे महिलाओं और बच्चियों का घर से निकलना मुश्किल हो गया है। युवा पीढ़ी भी नशे की लत में बर्बाद हो रही है।

बताया जा रहा है कि इससे पहले शुक्रवार को भी महिलाओं ने इसी मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन किया था। उस समय मौके पर पहुंचे एसीपी ने महिलाओं को समझा-बुझाकर आश्वासन दिया था कि जल्द ही दुकान को गांव से बाहर शिफ्ट किया जायेगा या बंद किया जायेगा। एसीपी के आश्वासन पर महिलाएं मान गयी थीं और प्रदर्शन खत्म कर दिया था।

लेकिन दो दिन बीत जाने के बाद भी जब दुकान बंद नहीं हुई तो महिलाओं का सब्र टूट गया। रविवार शाम को महिलाएं फिर से लाठी-डंडे लेकर दुकान पर पहुंच गईं और दुकान के सामने बैठकर नारेबाजी करने लगीं। महिलाओं ने साफ चेतावनी दी है कि जब तक गांव के बीच से शराब की दुकान नहीं हटाई जाती, तब तक उनका आंदोलन जारी रहेगा। घटना की सूचना पर स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और महिलाओं को शांत कराने का प्रयास किया। फिलहाल गांव में तनाव का माहौल बना हुआ है।

खेतों में सिमटा धान, किसानों के मेहनत पर फिरा पानी

बरसात और तेज हवाओं ने किसानों की चिंता बढ़ायी

मांडा (प्रयागराज)। बरसात और तेज हवा से किसानों की चिंता बढ़ गयी है। खेतों खलिहानों में धान की फसल भींगकर जमींदोज हो गयी है। खेतों में सिमटे पके अधपके धान देखकर प्रकृति की मार से बदहाल किसान आंखों में आंसू बहाने के अलावा कुछ भी नहीं कर पा रहा है। पिछले तीन दिनों से लगातार हो रही बरसात और पिछले २४ घंटे से चल रही तेज हवा के चलते खेतों में धान के पके अधपके पेड़ जमींदोज हो गये हैं, जिससे किसानों की हालत बेहद चिंतनीय है। मांडा क्षेत्र के दक्षिणी पहाड़ी भूभाग के दोहथा, परोहनी, मझिगवां, हाटा शिवराजपुर शुकुलपुर बनवारी खास, मेंहा, दसवार, कुशलपुर, कुरहरा, मेहा जागीर, कोसड़ा खुर्द, परसीधी, शुकुलपुर, धनावल और उपरौध के अतिरिक्त भवानीपुर, टीकापुर कोसड़ा कला, हंड़िया, भींस, बेदौली, राजापुर, महुआंव आदि तमाम गांवों के खेतों में धान के पके अधपके फसल बरसात और तेज हवा से भीगकर जमीन पर गिर गये हैं। कटे धान खेतों में भींग कर नष्ट हो रहे । किसानों का कहना है कि पिछले तीन साल से जब धान की खेती पककर तैयार हो जाती है ,तो तेज हवा, बादल और बरसात किसानों के लिए शामत बनकर आ जाती है।

यदि मौसम अधिक बिगड़ा, तो पिछले साल की तरह खेतों और खलिहानों में ही बरसात से भीगकर धान व अन्य फसल तबाह हो जायेगा। किसान भगवान से बरसात न होने की प्रार्थना कर रहे हैं। शुक्रवार को भी पूरे दिन रिमझिम बरसात होती रही और बादल के चलते सूर्य भगवान के दर्शन नहीं हो पाये। मंगलवार से लगातार बरसात और तेज हवा से किसानों की हालत बेहद दयनीय हो गई है। खेतों में मेहनत से तैयार उनकी सारी पूंजी पर प्रकृति ने पानी फेर दिया है।

क्षत्रिय महासभा जिलाध्यक्ष की माता का निधन, शोक

सहसों (प्रयागराज)। बदनामा बगई कला गांव निवासी अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा गंगापार के जिलाध्यक्ष कमलेश सिंह उर्फ बब्बू की माता शांति देवी (७५) के निधन से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। वह काफी दिनों से अस्वस्थ चल रही थीं। उनके निधन की सूचना मिलते ही क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने आवास पर पहुंचकर दिवंगत आत्मा को श्रद्धासुमन अर्पित किये और शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की। की श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व प्रमुख राकेश बहादुर सिंह, वीरेंद्र बहादुर सिंह, इंसान बूथ अध्यक्ष दिनेश प्रताप उर्फ पप्पू सिंह, जिलेदार सिंह, अश्वनी प्रताप सिंह सहित क्षेत्र के अनेक गणमान्य भारी संख्या मौजूद रहे।

नैनी में बौद्ध महोत्सव की तैयारी तेज

भीटा बुद्ध विहार पहाड़ी पर १०-११ को होगा आयोजन

नैनी(प्रयागराज)। खारखौनी मुहल्ले में मौर्य सम्राट अशोक क्लब के पदाधिकारियों और सदस्यों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गयी। बैठक में भीटा स्थित प्राचीन बौद्ध स्थलीय बुद्ध विहार की पहाड़ी पर आगामी १० और ११ नवंबर को होने वाले विशाल बौद्ध महोत्सव को सफल बनाने को लेकर गहन चर्चा की गयी। बैठक में महोत्सव की तैयारियों को अंतिम रूप देने पर जोर दिया गया और आम नागरिकों से इस महोत्सव में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की गयी। क्लब के अध्यक्ष एवं किसान यूनियन के नेता सूरज पाल सिंह ने बताया कि दो दिवसीय महोत्सव के दौरान 'मानव-मानव एक समान' विषय पर एक विशेष संगोष्ठी का आयोजन किया जायेगा।

बैठक में प्रमुख रूप से सूरज पाल सिंह, हाईकोर्ट के विधि राजधिकारी अभय सिंह, राजीव कुशवाहा, मम्मू सिंह, अरुण सिंह, आले कुशवाहा, विजय मौर्य, वीरेंद्र कुशवाहा, अजीत कुशवाहा, राम कुमार और बुद्धिस्ट अरुण कुमार सिंह सहित कई सदस्य उपस्थित रहे।

किशोरी को ले जाने और दुराचार के मामले में युवक गिरफ्तार

मांडा (प्रयागराज)। नाबालिग किशोरी से दोस्ती के बाद उसे घर से ले जाने और शादी का झांसा देकर दुराचार करने के आरोप में पुलिस ने रविवार को एक युवक को गिरफ्तार किया। आरोपित की पहचान कोरांव के महुली पियरी निवासी राजेश मौर्य के रूप में हुई है। पुलिस के मुताबिक, किशोरी के पिता ने आरोपित के खिलाफ थाने में तहरीर देकर कारवाई की मांग की थी। इसके आधार पर मुकदमा दर्ज कर पुलिस उसकी तलाश कर रही थी। रविवार को दरोगा शिवकुमार गोयल की टीम ने उसे गिरफ्तार कर लिया। थाने में आवश्यक कारवाई पूरी करने के बाद आरोपित को न्यायालय भेजा गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

सूचना-मेरा **UPTET** परीक्षा जूनियर वर्ष 2014 अनुक्रमांक 3525426456 का अंक पत्र वास्तव में खो गया है। नाम-अमरेश कुमारी पुत्री-श्री कन्हैया लाल ग्राम-अरूआरी पोस्ट- खिवली कला अरूआरी प्रयागराज

सूचना-मेरा ए.पी.जे अब्दुल कलाम टेक्निकल यूनिवर्सिटी लखनऊ के द्वारा निर्गत एम0बी0ए0 वर्ष 2007-08 अनुक्रमांक 0611670034 की अंकपत्र एवं उपाधि प्रमाणपत्र वास्तव में कहीं खो गयी है। धर्मेन्द्र प्रताप सिंह पुत्र-रामा सिंह नि0-135/4सी, छोटा बघाड़ा प्रयागराज

सूचना-मेरा प्रो. राजेन्द्र सिंह (रज्जू भैया) विश्वविद्यालय प्रयागराज का बी.ए.तृतीय वर्ष 2019-2020 अनुक्रमांक 1811730011023 का अंकपत्र वास्तव में खो गयाहै । नाम-अरविन्द सिंह पुत्र-श्री रमाकान्त सिंह गांव-किहुनी कला पोस्ट-पवारी तहसील- कोरांव जारी बाजार प्रयागराज

सात्विक एवं सादगीपूर्ण दुर्गा पूजा के लिए बंगाली वेलफेयर एसोसिएशन को सम्मान

झूंसी (प्रयागराज) बंगाली वेलफेयर एसोसिएशन की ओर से झूंसी बारवारी में आयोजित दुर्गा पूजा अपनी सादगी, पवित्रता और सात्विक परंपरा के लिए विशेष पहचान रखती है।

समिति पिछले कई दशकों से प्रतिवर्ष मां दुर्गा की पूजा-अर्चना का आयोजन करती आ रही है।

पूजा में दिखावा और आडंबर से दूर रहकर श्रद्धा, भक्ति एवं सात्विक भाव को प्राथमिकता दी जाती है। इसी विशिष्ट परंपरा को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से समिति के लिए सात्विक पूजा सम्मान पुरस्कार योजना शुरू की गयी है। समिति का मानना है कि धार्मिक आयोजनों की वास्तविक सुंदरता भव्यता और दिखावे में नहीं बल्कि श्रद्धा, अनुशासन, पवित्रता और आध्यात्मिक भाव में निहित है। झूंसी बारवारी की दुर्गा पूजा इसी भावना का उदाहरण प्रस्तुत करती है।

एसोसिएशन की अध्यक्ष रूमा दास, महामंत्री सुधीर चौहान, कोषाध्यक्ष मनोज श्रीवास्तव एवं सांस्कृतिक मंत्री विनय श्रीवास्तव ने कहा कि समिति का प्रयास दुर्गा पूजा की पारंपरिक गरिमा और सात्विक स्वरूप को बनाए रखना है।

आजका मुहूर्त

दिनांक- २ नवम्बर २०२६
सम्वत्- २०८३ तुला राशिस्थ सूर्य दक्षिणायन
ऋतु- शरद
मास- कार्तिक कृष्ण पक्ष
तिथि- अष्टमी दिन में ०४.५४ तक उपरान्त नवमी।
वार- सोमवार।
नक्षत्र- पुष्य दिन में ०९.०४ तक उपरान्त श्लेषा।
राशि- कर्क।
सूर्योदय- ०६.२८ बजे
सूर्यास्त- ०५.३२ बजे
राहुकाल- प्रातःकाल ०७.३० से ०९ बजे तक।
भद्रा- नहीं है।
मुहूर्त- अन्नप्राशन, नामकरण, औषधि सेवन, व्यापार, बोरिंग कराना आदि।
विशेष- राधा अष्टमी व्रत राधा जयंती, सर्वार्थ सिद्ध योग दिन में ०९.०४ तक।

भारतीय लोक कला महासंघ की बैठक सहिल में सम्पन्न

बरौत (प्रयागराज)। हंडिया तहसील क्षेत्र के ग्राम सभा सहिला में रविवार को भारतीय लोक कला महासंघ की बैठक आयोजित किया गया । कार्यक्रम की अध्यक्षता समाज से भी दिनेश बिंद ने किया। जहां मुख्य अतिथि के रूप में महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष कमलेश चंद्र यादव ने अपने संबोधन में कहा कि वही कार्यक्रम में भारतीय लोक कला महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष कमलेश चंद यादव ने कहा की लोक कलाओं को जीवित रखना बहुत मुश्किल हो गया है। इसके लिए जितने संसाधनों की आवश्यकता होती है वह काफी कीमती है जबकि इन कलाओं को जीवित रखने की कोशिश में लगे कलाकारों के लिए उचित बाजार नहीं मिलता। आगे कहा लोक कलाओं को जीवित रखना हम सब की जिम्मेदारी है। सियाराम, हरिलाल दास, चंदूराम , शीतला प्रसाद बिंद, सूबेदार, फूलेश कुमार , मुखिया, संबोधि, लवकुश तिवारी, सुशील कुमार ,सूर्यबली पाल , विजय नारायण बिंद, संजय कुमार यादव, गुलाबचंद मौर्य सहित तमाम लोक कला महासंघ के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

दो बाइकों की भिड़ंत में घायल युवक की मौत

करछना(प्रयागराज)। थाना क्षेत्र के पुतरिहा-पनासा मार्ग पर दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत में घायल चार युवकों में से एक की देर रात इलाज के दौरान मौत हो गयी। गंभीर रूप से घायल १८ वर्षीय रचित प्रताप यादव की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। रचित माता-पिता का इकलौता बेटा था। उसकी मौत से पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गयी।

मिली जानकारी के अनुसार बसही गांव निवासी लाल प्रताप यादव का पुत्र रचित प्रताप यादव शनिवार सुबह करीब ११ बजे गांव के ही अपने साथी अभिनव यादव के साथ बाइक से घर लौट रहा था।

पुतरिहा-पनासा के सामने पहुंचते ही सामने से तेज रफ्तार में आ रही दूसरी बाइक से उनकी जोरदार टक्कर हो गयी। हादसे में दोनों बाइकों पर सवार चारों युवक घायल हो गये। इनमें रचित को गंभीर चोटें आईं। उसके गले की हड्डी और चेहरे पर गंभीर चोट लगी थी। स्वजन उसे लेकर शहर के एक निजी अस्पताल पहुंचे, जहां देर रात इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी। युवक अपने माता-पिता का अकेला था। वह १२वीं का छात्र था। उसकी मौत से माता रानी देवी का रो-रो कर बुरा हाल है।

ड्राइवर हत्याकांड में पोस्टमार्टम रिपोर्ट से खुलेगा हत्या का राज

नैनी (प्रयागराज)। क्षेत्र के लवायन कला गांव में हुए ड्राइवर हत्याकांड की पोस्टमार्टम रिपोर्ट सामने आ गयी है। रिपोर्ट में हत्या की बेरहमी का खुलासा हुआ है। मृतक धीरज निषाद उर्फ ढल्लू के सिर पर ६ जगह धारदार हथियार से वार किया गया था, जबकि शरीर के अलग-अलग हिस्सों पर १२ जगह गहरे जख्म मिले हैं। पोस्टमार्टम में सिर और शरीर पर चोटों के इतने निशान मिलने के बाद पुलिस मान रही है कि आरोपितों ने घेरकर बेरहमी से वारदात को अंजाम दिया है। घटना के बाद सभी नामजद आरोपित फरार हैं। डाक्टरों की रिपोर्ट के मुताबिक मृतक के सिर पर छः जगह गंभीर चोटें हैं, जो मौत का मुख्य कारण बनीं। इसके अलावा शरीर पर १२ अन्य जगहों पर भी हमले के निशान हैं। पुलिस अब इसी पोस्टमार्टम रिपोर्ट को आधार बनाकर हत्या में इस्तेमाल हथियार और आरोपितों की संख्या का पता लगाने में जुटी है। हत्या के बाद से फरार चल रहे आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस मोबाइल लोकेशन का सहारा ले रही है। औद्योगिक थाना प्रभारी कमलेश पटेल ने बताया कि मृतक की मां बेला देवी की तहरीर पर हत्या का केस दर्ज कर लिया गया है। पुलिस को कुछ अहम सुराग मिले हैं और लोकेशन के आधार पर टीमें दबिश दे रही हैं। गौरतलब है कि पुलिस की शुरुआती जांच में ८ साल पहले हुए प्रेम विवाह की रंजिश को हत्या की वजह माना जा रहा है।

लगातार बारिश से गरीब का आशियाना ढहा, बाल-बाल बचे परिजन

लालापुर (प्रयागराज)। क्षेत्र के छतहरा गांव में लगातार हो रही बारिश के चलते हौशला भारतीय का मकान क्षतिग्रस्त हो गया। रात के समय पक्की छत समेत मकान की दीवार



पक्की छत सहित मकान की दीवार गिरी

अचानक ढह गया। हादसे के दौरान घर में मौजूद लोग बाल-बाल बच गये। गनीमत रही कि किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई, लेकिन गरीब परिवार का आशियाना उजड़ गया। मकान गिरने से पीड़ित परिवार के सामने रहने और गृहस्थी का सामान सुरक्षित रखने की समस्या खड़ी हो गयी है। पीड़ित ने तहसील प्रशासन से आपदा के तहत क्षति का आकलन कराकर उचित मुआवजा दिलाने की मांग की है। घटना की जानकारी मिलने पर हल्का लेखपाल ने मौके पर पहुंचकर क्षतिग्रस्त मकान का निरीक्षण किया और अपनी आख्या रिपोर्ट तैयार कर प्रशासन को भेजी।

टंडन इंटर कालेज में एनएमएमएस परीक्षा सम्पन्न

नैनी (प्रयागराज)। परीक्षा नियामक प्राधिकारी, प्रयागराज द्वारा आयोजित राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा (एनएमएमएस) २०२७ शनिवार को राजर्षि पुरुषोत्तम दास टंडन इंटर कालेज, महेवा (हिन्दी विद्यापीठ) में सकुशल संपन्न हुई। परीक्षा प्रातः १० बजे से दोपहर १ बजे तक आयोजित की गयी। विद्यालय के १२ कक्षों में ३८४ परीक्षार्थियों के बैठने की व्यवस्था की गयी थी। जिसमें विभिन्न विद्यालयों के कक्षा ८ के कुल ३८४ पंजीकृत छात्रों में से २५१ परीक्षार्थी उपस्थित रहे, जबकि १३३ परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। बताते चलें कि इस परीक्षा में सफल होने वाले विद्यार्थियों को कक्षा ९ से १२ तक चार वर्षों के लिए प्रतिमाह १००० रुपये की छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है। परीक्षा का संचालन परीक्षा प्रभारी डा. राम प्रकाश मिश्र के निर्देशन में किया गया। सफल आयोजन पर केंद्र व्यवस्थापक स्वामीनाथ त्रिपाठी ने सभी शिक्षकों और कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया।

अंगद के ललकारते ही जयश्रीराम के जयघोष से गूंजा रामलीला परिसर



मेजारोड (प्रयागराज)। मेजारोड के सोरांव गांव में आयोजित श्रीरामलीला में सातवें दिन आस्था, शौर्य, पराक्रम और रोमांच का ऐसा संगम देखने को मिला कि पूरा रामलीला परिसर जय श्रीराम के उद्घोष से गूंज उठा। मंच पर अंगद-रावण संवाद और लक्ष्मण शक्ति प्रसंग का जीवंत मंचन किया गया। कलाकारों के सशक्त अभिनय ने रामायण के प्रसंगों को मानो दर्शकों के सामने साकार कर दिया। कहीं हनुमानजी के पराक्रम पर तालियां गूंजीं तो कहीं अंगद की निर्भीक ललकार और रावण के अहंकारपूर्ण संवादों ने दर्शकों में जोश भर दिया। वहीं लक्ष्मण शक्ति प्रसंग के मार्मिक दृश्यों ने दर्शकों को भावुक कर दिया।रामलीला में सबसे अधिक चर्चा रावण, मेघनाद और अंगद की भूमिकाओं को लेकर रही। रावण के किरदार में ग्राम प्रधान एवं प्रधान संघ अध्यक्ष राजेश द्विवेदी ने अपने दमदार संवाद, रौद्र रूप और शानदार अभिनय से मंच पर रावण के अहंकार को जीवंत कर दिया। वहीं मेघनाद की भूमिका में अखिलेश द्विवेदी ने अपने प्रभावशाली अभिनय से दर्शकों की खूब वाहवाही बटोरी। अंगद के किरदार में इंजीनियर नंदू ओझा ने रावण के दरबार में अपनी निर्भीकता, ओजपूर्ण संवाद और शानदार अदाकारी से ऐसा समां बांधा कि दर्शक देर तक तालियां बजाते रहे। अंगद-रावण संवाद के दौरान मंच पर दोनों कलाकारों का अभिनय आकर्षण का केंद्र बना रहा।

हनुमानजी की भूमिका में बलदाऊ ओझा ने अपने पराक्रम और अभिनय से दर्शकों को रोमांचित किया। लंका दहन के दृश्य में हनुमानजी के शौर्य का शानदार प्रदर्शन देखने को मिला। वहीं लक्ष्मण शक्ति प्रसंग में भाई लक्ष्मण के मूर्छित होने और भगवान श्रीराम की व्याकुलता के दृश्यों ने वातावरण को भावुक बना दिया।खास बात यह रही कि सोरांव गांव की इस रामलीला के सभी पात्र स्थानीय ग्रामीण ही हैं। गांव के कलाकार अपनी प्रतिभा और अभिनय के दम पर रामायण के पात्रों को मंच पर जीवंत कर रहे हैं। यही वजह है कि रामलीला देखने के लिए प्रतिदिन बड़ी संख्या में ग्रामीणों की भीड़ जुट रही है और कलाकारों का उत्साहवर्धन किया जा रहा है।रामलीला में राम की भूमिका प्रियांशु द्विवेदी, लक्ष्मण की भूमिका जय द्विवेदी, सीता अनिक दूत की भूमिका सत्यम गौड़, जामवंत की सत्यम द्विवेदी तथा सुग्रीव की भूमिका पंकज द्विवेदी ने निभाई। मंच का कुशल संचालन प्रभा शंकर ओझा उर्फ रिंकू ने किया, जबकि व्यास पीठ से श्यामू शुक्ला ने रामकथा के प्रसंगों को गति प्रदान की।इस अवसर पर राम भवन द्विवेदी, संतोष कुमार ओझा उर्फ बाबा ओझा, बबन द्विवेदी, नंदू ओझा, धीरज द्विवेदी, छोटू द्विवेदी, राजा बाबू, आदर्श द्विवेदी, पीयूष द्विवेदी, आकाश पर्सिया सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं रामलीला प्रेमी मौजूद रहे।

कार्यालय नगर पंचायत सरायं अकिल जनपद- कौशाम्बी

पत्रांक संख्या 2127 न0पं0स0अ0/कौशा0 2026-27 दिनांक 31.10.2026

ई-द्वितीय निविदा सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत सराय अकिल कौशाम्बी द्वारा वित्तिय वर्ष 2026-27 में पं0 दीनदयाल उपाध्याय नगर विकास योजना अनुदान-37 से प्राप्त धनराशि के क्रम में कार्य कराया जाना हैं। उक्त कार्य में अनुभवी फर्म/ठेकेदारों से प्रतिशत आधार दरों पर दिनांक 02-11-2026 से दिनांक 22-11-2026 को सायं 5 बजे तक डबल बिड आधारित (तकनीकी एवं वित्तीय बिड आधारित) ई-निविदा उत्तर प्रदेश की ई-प्रिक्योरमेंन्ट की वेब साइड www.etender.up.nic.in के माध्यम से आमंत्रित की जाती हैं। निविदा का विस्तृत विवरण-निविदा प्रपत्र, निविदा शुल्क एवं नियम-शर्ते आदि उत्तर प्रदेश की ई-प्रिक्योरमेंन्ट की वेब साइड www.etender.up.nic.in पर उपलब्ध रहेगा। ई-निविदा की समस्त कार्यवाही उक्त वेब साइड के माध्यम से ही पूर्ण की जायेगी। प्राप्त निविदायें दिनांक 23.11.2026 को अपरान्ह 12 बजे नगर पंचायत सरांय अकिल में अधिशसाी अधिकारी के कार्यालय में उपस्थित निविदा दाताओं की उपस्थिति में खोली जायेंगी। यदि निविदा खोलनें की तिथि को अवकाश होता है तों निविदा अगले कार्य दिवस में खोली जायेगी, उपरोक्त कार्य की अधिक जानकारी हेतु उत्तर प्रदेश की ई-प्रिक्योरमेंन्ट की वेब साइड www.etender.up.nic.in पर अथवा कार्यालय दिवस में कार्यालय नगर पंचायत सरांय अकिल में सम्पर्क कर सकते है।

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत सरांय अकिल
जनपद-कौशाम्बी

अध्यक्ष
नगर पंचायत सरांय अकिल
जनपद-कौशाम्बी

TRIVENI GLASS LTD
14-B MINTO ROAD, ALLAHABAD, UP - 211002
CIN: L26101UP1971PLC003491 Email: akd@triveniglassltd.com Website: www.triveniglassltd.com
Tel: 0532-2407325

Standalone Statement of Un-Audited financial results for the Quarter ended 30th September, 2026

Rs.in Lakhs

	Particulars	For the Quarter ended 30.09.2026 Un-Audited	For the Year ended 31.03.2026 Audited	For the Quarter ended 30.09.2025 Un-Audited
1.	Total Income from operations	245.47	38.65	8.16
2.	Net Profit/ (Loss) from ordinary activities before tax	195.95	(74.57)	(24.29)
3.	Net Profit/ (Loss) for the period after tax (before Exceptional items)	195.95	(74.57)	(24.29)
4.	Net Profit/ (Loss) for the period after tax (after Exceptional items)	195.95	(74.57)	(24.29)
5.	Other Comprehensive Income	-	-	-
6.	Paid-up equity share capital	1,261.94	1,261.94	1,261.94
7.	Reserves (excluding Revaluation Reserves as shown in the balance sheet of previous year)	4,408.75	4,408.75	4,408.75
8.	Earnings per share (for continued operations)	-	-	-
	(a.) Basic	1.55	-0.59	(0.02)
	(b.) Diluted	1.55	-0.59	(0.02)

Note : The above is an extract of the detailed format of Quarterly/Annual Financial Results filed with the Bombay Stock Exchange under Regulation 33 of the SEBI (Listing and Other Disclosure Requirements) Regulations, 2015 duly approved by the Board of Directors' in their meeting held on 31.10.2026.The full format of the Quarterly/Annual Financial Results are available on the Stock Exchange websites **(www.bseindia.com)** and also on the website of the company **(www.triveniglassltd.com)**.

Place: Prayagraj
Date: 31.10.2026

J. K. Agrawal
Managing Director